## ⊙⊙ पाठ :: 13 :: देशद्रोह की सजा....।

⊙ **पाठ--प्रवेश ::** प्रस्तुत पाठ देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत है। इसमें अलीपुर षड्यंत्र में सरकारी गवाह बने नरेन गोसाईं नामक देशद्रोही को मारने की योजना का वर्णन है। यह योजना दो क्रांतिकारक ने बनाई थी।

⊙ **पाठ--उद्देश्य ::** ⊙ देशभक्ति का भाव [redacted] जाग्रत करना ⊙ क्रांतिकारियों का ⊙ साहसी बनने के लिए प्रेरित करना ⊙ देशद्रोह के परिणाम से अवगत करना प्रशिक्षण देना

### ⊙ शब्दार्थ

[redacted]

| | |
|---|---|
| जंजाल-- झंझट | गुट-- दल |
| यातना --पीड़ा | अहाता --चहारदीवारी से घेरी हुई जगह |
| बंदी-- कैदी | गद्दार --देश या संस्था को धोखा देने वाला |
| मरोड --ऐंठन | क्रांतिकारी--व्यवस्था में भारी उलट-फेर कर देने वाला |

सरकारी गवाह --अपराधियों का साथ छोड़कर उनके विरुद्ध गवाही देने वाला

### ⊙⊙ प्रश्नों के उत्तर लिखो ⊙⊙

::1:: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ::

(क) क्रांतिकारी गुट को क्या नाम दिया गया था??

:: क्रांतिकारी गुट को "अलीपुर षड्यंत्र" [redacted] का नाम दिया गया था।

(ख) क्रांतिकारियों ने किसे खत्म करने का निश्चय किया था??

:: क्रांतिकारियों ने नरेन गोसाईं को खत्म करने का निश्चय किया था।

(ग) [redacted] सत्येंद्र ने क्या बहाना बनाया था ??

:: सत्येंद्र ने भयंकर खाँसी का बहाना बनाया था।

(घ) सत्येंद्र के अभिनय से कौन प्रभावित हुए थे??

:: जेलर, नरेन तथा पुलिस अधिकारी सत्येंद्र के अभिनय से प्रभावित हुए थे।

(ङ) कन्हाई लाल और सत्येंद्र को क्या सजा दी गई थी??

:: कन्हाई लाल और सत्येंद्र को फाँसी की सजा दी गई थी।

::3:: निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए ::

(क) नरेन गोसाईं का मन कमजोर क्यों बन गया था??

:: पुलिस की यातनाओं ने नरेन गोसाईं का मन कमजोर बना दिया था।

⊙Day - - Tuesday....

⊙Date - - 20/07/2021....



(ख) क्रांतिकारियों ने नरेन गोसाईं को खत्म करने का निश्चय क्यों किया था ??

:: क्रांतिकारियों ने सोचा कि ऐसे गद्दार को जिंदा नहीं छोड़ना चाहिए,, ,,इसलिए उन्होंने नरेन गोसाईं को खत्म करने का निश्चय किया था।

(ग) सत्येंद्र की खाँसी से जेल अधिकारियों ने क्या सोचा [redacted] था ??

:: सत्येंद्र की खाँसी से जेल अधिकारियों ने सोचा कि इस प्रकार कहीं इसकी जान ही न निकल जाए।

(घ) कन्हाई लाल कौन - - सी बिमारी से छटपटाने लगा था ??

:: कन्हाई लाल पेटदर्द की बिमारी से छटपटाने लगा था।

..4.. निम्नलिखित प्रश्नों के [redacted] विस्तार से उत्तर लिखिए ::

(क) अलीपुर षड्यंत्र में पुलिस ने क्या - क्या पकड़ा था ??

:: अलीपुर षड्यंत्र में पुलिस ने क्रांतिकारियों का एक गुप्त मतलब एक दल पकड़ा था। इसमें 34 नवयुवकों के साथ बम बनाने का,, कारखाना,, बम,, ,,बारूद,, डायनामाइट,, रिवाल्वर,, तथा क्रांतिकारियों का साहित्य सहित पकड़ा गया था।

(ख) सत्येंद्र और कन्हाई लाल [redacted] अस्पताल किस प्रकार प्रकार पहुँचे थे ??

:: सत्येंद्र ने भयंकर खाँसी का बहाना बनाया। खाँसते - खाँसते वह बेहाल हो जाता। जेल के अधिकारियों ने सोचा कि इस प्रकार कहीं इसकी जान ही न [redacted] निकल जाए। वे उसे अस्पताल ले गए और [redacted] फिर दो दिन बाद कन्हाईलाल के पेट में दर्द का [redacted] [redacted] जबरदस्त मरोड़ उठा और जेल के [redacted] अधिकारियों ने उसे भी [redacted] अस्पताल पहुँचा दिया।

(ग) कन्हाई लाल की लाश पर रोने वाले [redacted] आशु बाबू से गोरे अफ़सर ने क्या कहा था ?? (मूल्यपरक प्रश्न) ??

:: कन्हाई लाल की लाश पर रोने वाले आशु बाबू से गोरे अफ़सर [redacted] ने कहा था कि जिस देश में ऐसे वीर पैदा होते हैं,, यह देश

धन्य है। एक दिन तो सभी मरेंगे किंतु ऐसी मौत कितने मरते हैं और ऐसे लोग दुनिया की समाप्ति तक जीवित रहतें है ,, मरकर भी नही मरते।

.........XXXXXXXXXX..........